दैनिक
न्याय साक्षी



### वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने किया भूमिपूजन

# 2.50 करोड़ की लागत से बनेगा एसपी कार्यालय का नवीन भवन

## लमडांड में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन, सोहनपुर में यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण एवं बसनाझर में 33/11 केव्ही सबस्टेशन का हुआ लोकार्पण

**❐ जिले में विकास कार्य को नई ऊंचाई देने किया जा रहा निरंतर कार्य- वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी**








रायगढ़

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी के मुख्य आतिथ्य में आज कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रायगढ़ के नवीन भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम विधिवत संपन्न हुआ। लगभग 2.50 करोड़ की लागत से एसपी कार्यालय का नवीन भवन पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में तैयार होगा।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि जिले में कलेक्टर एवं एसपी कार्यालय ऐतिहासिक धरोहर होता है। कलेक्टर कार्यालय के नजदीक में एसपी कार्यालय के नवीन भवन बनने से जिला न्यायालय, कलेक्टर एवं एसपी कार्यालय की दूरी कम होने के साथ ही लोगों को कार्यों के लिए सहूलियत मिलेगी, जिससे कार्य की गुणवत्ता में भी वृद्धि होगी। इस प्रोजेक्ट के लिए संबंधित ठेकेदारों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश दिए गए है। वहीं वर्तमान में शहर के बीचो बीच स्थित एसपी कार्यालय का कानून व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस विभाग ही उसका उपयोग करें।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि रायगढ़ को नई ऊंचाई पर पहुंचाना है। जिसके लिए नियमित रूप से लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम किया जाएगा। जिले में हार्टीकल्चर कालेज के लिए 24 करोड़ के साथ ही टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। रायगढ़ के विकास के लिए रायपुर के नालंदा परिसर के तर्ज पर राज्य के 22 अलग-अलग स्थानों के साथ ही रायगढ़ में भी नालंदा परिसर का निर्माण किया जाएगा, जिससे युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में लाभ मिलेगा। इसी प्रकार गढ़उमरिया रायगढ़ में प्रयास विद्यालय का संचालन किया जा रहा है, जिसमें कक्षा 8 वीं के अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए राज्य द्वारा आयोजित परीक्षा के माध्यम से चयनित 250 बच्चे कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक नि:शुल्क रहने की व्यवस्था के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करायी जा रही है। यह विद्यालय संभाग मुख्यालय के अलावा सिर्फ रायगढ़ जिले में संचालित हो रही है।

एसटी, एससी एवं ओबीसी के विद्यार्थियों को दिल्ली में यूपीएससी की तैयारी हेतु जहां 65 सीट थे उनको बढ़ाकर 200 किया गया है। जिसका खर्च 3.50 लाख होते है उसे राज्य शासन आदिम जाति विकास के माध्यम से किया जाएगा। इसी तरह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में केलो डेम सहित अन्य डेम से किसानों के खेतों में पानी पहुंचाने का कार्य विभिन्न सिंचाई परियोजना अंतर्गत किया जा रहा है। महिला अपराध एवं साईबर क्राईम के रोकथाम के लिए जिले में महिला थाना एवं साईबर थाना भी स्वीकृत किया गया है। सुगम यातायात हेतु जिले के सड़कों के लिए लगभग 27 करोड़ स्वीकृत किए गए है, जिसे अतिशीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष नगर निगम पूनम सोलंकी, पंकज कंकरवाल, उमेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, सुरेश गोयल, रत्थू गुप्ता, विलीस गुप्ता, डिग्री लाल साहू, सुरेन्द्र पाण्डेय, संजय, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम उपस्थित रहे।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मी एवं प्रतिभावान विद्यार्थी हुए सम्मानित-** वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने ऐसे पुलिस कर्मी जिन्होंने विभिन्न अपराधों में अपराधी को गिरफ्तार करने, पतासाजी, माल मशरूका तथा गुम इंसान की पतासाजी आदि में उत्कृष्ट भूमिका निभाने वाले को सम्मानित किया। इनमें थाना तमनार के प्र.आर.श्री संतोष कुर्रे, कोतवाली के प्र.आर.श्री राम साहू, तमनार के आर.श्री अनूप मिंज, चौकी खरसिया के आर.श्री कीर्तिराम सिदार एवं आर.श्री सोहन यादव, कापू के आर.फिलमोन लकड़ा, जूटमिल के प्र.आर.रामनाथ बनर्जी एवं आर.श्री सुशील यादव, पुसौर के सउनि उमाशंकर विश्वाल एवं नरोत्तम यादव, पुलिस कार्यालय के प्र. आर.श्री हीरा सिंह सिदार शामिल है।

इसी तरह जिला पुलिस बल के अधिकारी-कर्मचारियों के पुत्र-पुत्रियां भी सम्मानित हुई। इनमें सिद्धार्थ जायसवाल, आर्यन कुमार भगत, खुशवेन्द्र कृष्ण टंडन, दिशा वैष्णव, कु.प्रेरणा पटेल, उन्नति गायकवाड, कु.प्राची साहू, कु.तनीषा महंत, लक्ष्मी प्रसाद पटेल एवं कु.अंशिका नायक शामिल है।

**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन एवं यात्री प्रतिक्षालय का किया लोकार्पण-** वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने लैलूंगा विकासखंड के लमडांड में 75 लाख की लागत से तैयार होने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भूमिपूजन किया। वहीं लैलूंगा के सोहनपुर में 4 लाख की लागत से यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण किया। मौके पर किसान एवं ग्रामीणों ने धान की बालियां से तैयार खास मुकुट पहनाकर वित्त मंत्री का आत्मीय स्वागत किया।

**बसनाझर में 33/11 के.व्ही सब स्टेशन का किया लोकार्पण-** वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने ग्राम पंचायत बसनाझर में 2 करोड़ 38 लाख रूपये की लागत से बने 33/11 सबस्टेशन का लोकार्पण किया। ज्ञात हो कि 33/11 केव्ही सब स्टेशन ग्राम बसनाझर का निर्माण मुख्यमंत्री विद्युत प्रवाह अधोसंरचना विकास योजना के तहत किया गया है। इसके अंतर्गत एक नग 3150 केव्ही का पावर ट्रांसफार्मर सब स्टेशन तथा 12 कि.मी. 33 केव्ही लाईन तथा 4.5 कि.मी.11 केव्ही लाईन का निर्माण कार्य किया गया है। 33/11 केव्ही सब स्टेशन ग्राम बसनाझर का निर्माण कार्य पूर्ण होने से 15 ग्राम लाभान्वित होंगे इससे खरसिया ब्लॉक के ग्राम बसनाझर, कलमी, करपीपाली, आड़ाझर, करूमउहा, भैनापारा, सोनबरसा, फुलबंधिया, आमापाली, लोहाखान, कुकरीझरिया, छोटे मुड़पार, बड़े मुड़पार, गीधा एवं बाम्हनपाली आदि ग्रामों में लो-वोल्टेज तथा अधिक भार की समस्या का निराकरण होगा। उन्होंने वहां सामुदायिक भवन का भी लोकार्पण किया। मौके पर लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, विधायक खरसिया उमेश पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्लेसमेंट कैम्प 8 अक्टूबर को

**रायगढ़।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में 8 अक्टूबर 2024 को प्रात: 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र में रिक्त विभिन्न 33 पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक एवं योग्यताधारी आवेदक समस्त मूल प्रमाण-पत्रों के साथ नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते है। रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मे.जे.एस.डब्ल्यू, स्टील लिमिटेड, रायगढ़ में टर्नर, इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर एवं वेल्डर तथा मे.तिरूमाला बालाजी अलॉयज प्रा.लि.रायगढ़ में फिटर, इलेक्ट्रिशयन, वेल्डर, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिकल, मेकेनिकल के पद रिक्त है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### मुख्यमंत्री का जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया आत्मीय स्वागत

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के एक दिवसीय दंतेवाड़ा जिले के प्रवास के दौरान दंतेवाड़ा आगमन पर स्थानीय कारली पुलिस लाईन हेलीपैड में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री साय के साथ में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और वन मंत्री केदार कश्यप भी पहुंचे। इस दौरान सांसद बस्तर महेश कश्यप, विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी, राज्य महिला आयोग के सदस्य ओजस्वी मण्डावी सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि, डीआईजी कमल लोचन कश्यप, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, एसपी गौरव राय एवं गणमान्य नागरिकों ने स्वागत किया।

### गांजा के साथ तीन युवक गिरफ्तार


**रायपुर (आरएनएस)।** टिकरापारा और धरसींवा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध गांजा के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 15 किलो 977 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 2 लाख 95 हजार 800 रुपए के आसपास बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नया बस स्टेण्ड के पास भाठागांव में अवैध गांजा के साथ आरोपी अजय देवड़ा 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास रखे पि_ बैग से 14 किलो 362 ग्राम गांजा जब्त किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने गोदावरी नर्सरी के पस आरोपी राहुल पारधी व एक अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस इन दोनों के पास से 1 किलो 615 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** तेलीबांधा पुलिस ने जलविहार कालोनी के पास चाकू लेकर घुमते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस को सूचना मिली कि जलविहार कालोनी के सुलभ के पास एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी अमन बंजारे 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# मुठभेड़ में 30 से ज्यादा नक्सली ढेर

नारायणपुर । आरएनएस



छत्तीसगढ़ में नारायणपुर-दंतेवाड़ा सीमा पर हुए पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में अब तक नक्सलियों को भारी नुकसान होने की खबर मिल रही है। फिलहाल 30 नक्सलियों के शव बरामद किये गये है किंतु बताया जा रहा है कि इस मुठभेड़ में तीस से ज्यादा नक्सलियों की मौत हुई है।

बता दें कि गुरूवार को जिला नारायणपुर/दंतेवाड़ा से डीआरजी व एसटीएफ की संयुक्त पार्टी थाना ओरचा व बारसूर क्षेत्रांतर्गत ग्राम गोवेल, नेंदूर, व थुलथुली की ओर रवाना हुये थे। शुक्रवार को जवानों की टीम थुलथुली के जंगलों से होकर गुजर रही थी इसी दौरान नेंदूर - थुलथुली के जंगल में पुलिस पार्टी एवं माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। जो कि अभी भी जारी है। बताया जाता है इस मुठभेड़ में नक्सलियों को भारी नुकसान हुआ है। जवानों ने तीस से ज्यादा नक्सली को ढेर कर दिया है हालांकि मुठभेड़ स्थल से अभी 30 नक्सलियों के शव बरामद किये गये है। इसके अलावा मौके से एके 47 सहित कई अन्य हथियार बरामद किये गये है। वहीं सर्च अभियान जारी है।

# रायपुर-दुर्ग से चार ठग गिरफ्तार

## शेयर ट्रेडिंग, गूगल रीव्यू टास्क के नाम पर करते थे ठगी

रायपुर । आरएनएस



शेयर ट्रेडिंग, गूगल रीव्यू करने के नाम पर ठगी करने वाले जालसाजों के लिए बैंक अकाउंट, सिम कार्ड उपलब्ध कराने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने सात जालसाजों को गिरफ्तार किया है।

इनमें से चार जालसाज रायपुर तथा दुर्ग के रहने वाले हैं। तीन करोड़ रुपए की ठगी के पांच अलग- अलग मामलों में पूर्व में पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने जालसाजों की मदद करने वाले चार स्थानीय मददगारों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जालसाजों के अकाउंट से 70 लाख रुपए होल्ड कराया है।

रेंज साइबर पुलिस द्वारा जारी बयान के मुताबिक शेयर ट्रेडिंग तथा गूगल रीव्यू टास्क के नाम पर ठगी करने के पांच अलग-अलग मामलों में अब तक सात आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। जालसाजी के आरोप में पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें पश्चिम बंगाल, कोलकाता निवासी सोमनाथ सरदार, दुर्ग, भिलाई निवासी प्रेम चंद्राकर, पुरुषोत्तम देवांगन, धरमपुरा निवासी हिमांशु निर्मलकर, मध्यप्रदेश, इंदौर निवासी मेहुल प्रजापति, सुंदर नगर निवासी वासु मानिक, टिकरापारा निवासी लुपेश साहू के नाम शामिल हैं।

पुणे में कॉल सेंटर संचालित करने की आड़ में ठगी करने के आरोप में पकड़े गए प्रेम चंद्राकर ने ठगी के पैसों से भव्य मकान बनवाने के साथ लग्जरी कार खरीदी है। पुलिस के अनुसार प्रेम ने श्वेता मेहरा से साढ़े 29 लाख की ठगी की थी। पुलिस के अनुसार प्रेम ने श्वेता के साथ देश के अलग-अलग राज्य के लोगों को ठगी का शिकार बनाया है। पुलिस के अनुसार ठगी के पैसों से प्रेम का लाइफ स्टाइल काफी लग्जरियस था। पूर्व में गिरफ्तार प्रेम का एक साथी जो गुजरात का रहने वाला है, उसके कब्जे से पुलिस ने पांच सौ बैंक अकाउंट जब्त किया है।

**जालसाजों को छह सौ से ज्यादा सिम कार्ड उपलब्ध कराया-** दुर्ग निवासी पुरुषोत्तम देवांगन ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उसके माध्यम से जालसाजों को छह सौ से ज्यादा सिम कार्ड पहुंचा है। पुलिस के अनुसार एक सिम कार्ड के बदले पुरुषोत्तम को पांच सौ से एक हजार रुपए तक मिलते थे। पुरुषोत्तम पेशे से एक मोबाइल कंपनी का सिम बेचने का काम करता था। पुरुषोत्तम ने जालसाजों को जो सिम कार्ड उपलब्ध कराया है, पुलिस उसे डिएक्टिवेट कराने की बात कह रही है।

# प्रयोगशाला तकनीशियन परीक्षा 6 अक्टूबर को

**❐ नवीन प्रवेश पत्र से ही मिलेगा परीक्षा केंद्र में प्रवेश**

**❐ मूल पहचान पत्र ले जाना आवश्यक**

रायगढ़

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा पूर्व में निरस्त किये गये परीक्षा अब 6 अक्टूबर 2024 को रायगढ़ जिला मुख्यालय के 33 परीक्षा केंद्रों में प्रयोगशाला तकनीशियन की भर्ती परीक्षा आयोजित किया जायेगा। जिसमे 9796 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा दोपहर 2 बजे से 4.15 बजे तक एक पाली में सम्पन्न होगी। जिसके लिये आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं, सभी केंद्रों में ऑब्जर्वर क्रमांक 01 एवं 02 की नियुक्ति कर दी गई है। डिग्री कॉलेज रायगढ़ में केंद्राध्यक्षों, ऑब्जर्वर 01 एवं 02 की ब्रीफिंग सम्पन्न हो गई है। परीक्षा केंद्रों में निरीक्षण के लिये 03 सदस्यीय 04 उडऩदस्ता दलों का गठन कर लिया गया है।

मूल पहचान ले जाना अनिवार्य- परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र में परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घंटे पूर्व प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे एवं परीक्षा प्रारंभ समय 2 बजे के बाद परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी। सभी परीक्षार्थी अपना फोटो युक्त मूल आईडी जैसे मतदाता पहचान पत्र ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट, विद्यालय के फोटो परिचय पत्र, फोटो युक्त अंकसूची, बोर्ड परीक्षा के लिए जारी फोटोयुक्त प्रवेश पत्र आदि लेकर आना अनिवार्य होगा। ध्यान रखें फोटोकॉपी या मोबाइल में परिचय पत्र मान्य नहीं किए जाएंगे। परीक्षा दिवस को परीक्षा केंद्र पर उपरोक्त मूल पहचान पत्र में से कोई एक पहचान पत्र लेकर आना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। व्यापम रायपुर द्वारा प्रवेश पत्र व्यापम की वेबसाइट में 30 सितम्बर 2024 से अपलोड कर दिया गया हैंए सभी परीक्षार्थी व्यापम की वेबसाइट में जाकर सम्पूर्ण प्रवेश पत्र प्रिंट आउट निकाल कर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना आवश्यक होगा। पुरानी तिथि 29 सितम्बर 2024 के लिये जारी किये गये प्रवेश पत्र मान्य नही होंगे। 06 अक्टूबर 2024 अंकित तिथि वाले प्रवेश पत्र ही मान्य होंगे और इसी प्रवेश पत्र पर ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश मिलेगा। प्रवेश पत्र में फ़ोटो न होने की स्थिति में 02 रंगीन पासपोर्ट फ़ोटो के साथ परीक्षा केंद्र में उपस्थित होंगे। परीक्षार्थी अपने साथ ओएमआर शीट में उत्तर लिखने के लिए नीले या काले रंग का बालपॉइंट पेंन लेकर उपस्थित होना हैं। परीक्षा केंद्र में किसी भी प्रकार के मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक घड़ीएकैलक्यूलेटर एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री लाना मना है।

हेल्पलाइन नम्बर जारी- प्रयोगशाला तकनीशियन परीक्षा के परीक्षार्थी 33 केंद्रों में शामिल हो रहे है, परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा होने एवं केंद्र की जानकारी प्राप्त करने के लिये महेश शर्मा, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी मो.7746859383, भुवनेश्वर पटेल, एपीसी एवं सहायक नोडल अधिकारी मो.7000081311, गजेंद्र बनज, प्रोफेसर एवं सहायक समन्वयक, मो.9424152129 एवं नेत्रानंद चौहान, लिपिक, मो.9343252654 से सम्पर्क किया जा सकते है।

# राज्योत्सव - 2024 : जिला मुख्यालयों में 5 नवम्बर को विभागीय प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

रायपुर । आरएनएस

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर रायपुर से भिन्न सभी जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। जिला मुख्यालयों में 5 नवम्बर को एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विकास विभागों की विभागीय प्रदर्शनी में उपलब्धियों, महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं को विशेष रूप से प्रदर्शित की जाएगी।

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा 5 नवम्बर को एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह एक नवम्बर से 6 नवम्बर तक जिला मुख्यालयों के समस्त शासकीय भवनों में रोशनी की जाएगी। शासन की जनकल्याणकारी तथा हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित कार्यक्रमों में लोगों को लाभान्वित किया जाए। जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में मंत्रीगण, सांसदों, विधायकगण, जन-प्रतिनिधि को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा उक्त कार्यक्रम के आयोजन में मितव्ययिता बरतने के निर्देश दिए हैं।

# भारतीय मानक ब्यूरो ने रायगढ़ में आयोजित किया 'मानक महोत्सव' जागरूकता कार्यक्रम

**❐ गुणवत्ता मानक से उत्पाद को मिलती है विश्वसनीयता-कलेक्टर कार्तिकेया गोयल**

**❐ गुणवत्ता मानकों के व्यापार और उद्योग में महत्व के संबंध में विस्तार से दी गई जानकारी**




रायगढ़

मानकों के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए हर साल 14 अक्टूबर को विश्व मानक दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार देश में गुणवत्ता चेतना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'बेहतर दुनिया के लिए साझा दृष्टिकोण' की थीम पर विभिन्न जिलों में कई कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। विश्व मानक दिवस समारोह के एक हिस्से के रूप में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा 04 अक्टूबर को रायगढ़ में 'मानक महोत्सव' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

कलेक्टर गोयल ने जिले में गुणवत्ता जागरूकता पैदा करने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने गुणवत्ता मानकों के महत्व को बताते हुए कहा कि इससे किसी भी उत्पाद या सेवा को ग्राहकों के बीच विश्वसनीयता मिलती है। यह प्रोडक्ट में क्वालिटी की गारंटी होती है। चूंकि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं गुणवत्ता से जुड़े मानक प्रदान करती है। इससे प्रमाणित प्रोडक्ट और सर्विसेज की स्वीकार्यता का दायरा बढ़ जाता है। आज हमारा पूरे विश्व की जीडीपी में योगदान हमारी जनसंख्या की तुलना में कम है, इसे बढ़ाने की जरूरत है। जिसके लिए हमें ऐसे प्रोडक्ट और सर्विसेज उपलब्ध कराने होंगे जो इन गुणवत्ता मानकों पर खरे उतरें। उन्होंने राष्ट्र निर्माण, विश्व व्यापार एवं सभी व्यक्तियों के दैनिक जीवन में मानकों के महत्व के बारे में चर्चा की। उन्होंने सामाजिक और गुणवत्ता जागरूकता को बढ़ावा देने में जिला प्रशासन की पहलों के बारे में जानकारी दी। साथ ही भारतीय मानक ब्यूरो की आउटरीच गतिविधियों में जिला प्रशासन के सहयोगात्मक प्रयासों को भी रेखांकित किया।

सुमित कुमार, निदेशक और प्रमुख, भारतीय मानक ब्यूरो रायपुर ने शैक्षणिक संस्थानों में मानक क्लबों की स्थापना, ग्राम पंचायतों, सरकारी अधिकारियों के लिए संवेदीकरण प्रशिक्षण, उद्योगों और जौहरियों के लिए हैंडहोल्डिंग पहल सहित भारतीय मानक ब्यूरो की विभिन्न पहलों के बारे में जानकारी दी। तकनीकी सत्र में राहुल कुमार गुप्ता, उप निदेशक भारतीय मानक ब्यूरो रायपुर ने विश्व मानक दिवस 2024 की थीम 'एक बेहतर दुनिया के लिए साझा दृष्टिकोण' उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे के बारे में जानकारी दी। दीपक कुमार साहू, सहायक निदेशक भारतीय मानक ब्यूरो रायपुर ने भारतीय मानक ब्यूरो की विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया।

किरोड़ीमल शासकीय पॉलिटेक्निक रायगढ़, पीएम शासकीय नटवर अंग्रेजी माध्यम स्कूल रायगढ़ और स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल खरसिया के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो की आउटरीच गतिविधियों में योगदान देने वाले उद्योगों और शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों को सम्मानित भी किया गया। इस कार्यक्रम में उद्योगों, ग्राम पंचायतों, सराफा संगठन, व्यापार संगठन एवं मानक क्लब से जुड़े शैक्षणिक संस्थान से 150 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित रहें।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480